राजस्थान सरकार
वित्त (कोष एवं लेखा) विभाग

क्रमांकः एफ.5(थ–75)कोष/IFMS/WAM-19/ 3901–3908 दिनांक 10/9/2024

1. प्रधान मुख्य वन सरंक्षक, वन विभाग, अरण्य भवन, झालाना, जयपुर।
2. विकास आयुक्त, सी.ए.डी. कोटा/बीकानेर।
3. मुख्य अभियन्ता, जलसंसाधन विभाग, सिंचाई भवन, जयपुर।
4. मुख्य अभियन्ता (शहरी एवं एन.आर.डब्ल्यू), जन स्वास्थ्य एंव अभियांत्रिकी विभाग, जयपुर।
5. मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जयपुर।
6. मुख्य अभियन्ता, इंदिरा गांधी नहर परियोजना, बीकानेर/जैसलमेर।

विषयः– IFMS 3.0 के अन्तर्गत विकसित बी.एस.आर. मैनेजमेन्ट प्रक्रिया के प्रशिक्षण के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत IFMS 3.0 में निर्माण विभागों में प्रयुक्त होने वाली ऑनलाईन बी.एस.आर. तैयार किये जाने की प्रक्रिया बी.एस.आर. मैनेजमेन्ट के अन्तर्गत विकसित की गई है। उक्त प्रक्रिया के परीक्षण, उसमें किये गये प्रावधानों की जाँच एवं इसके क्रम में निर्माण विभागों से सुझाव प्राप्त किये जाने हेतु दिनांक 03.09.2024 को सभी निर्माण विभागों हेतु डेमो प्रजेन्टेशन आयोजित किया जा चुका है। वित्त विभाग द्वारा उक्त नवीन प्रक्रिया को शीघ्र ही लागू किया जाना प्रस्तावित है। उक्त परिपेक्ष्य में प्रत्येक निर्माण विभाग के चयनित 4 तकनीकी अधिकारियों/डोमेन एक्सपर्ट्स हेतु उक्त प्रक्रिया का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिनांक 12.09.2024 को निम्नानुसार आयोजित किया जा रहा है।

क्र.सं.	विभाग का नाम	दिनांक एवं समय	प्रशिक्षण स्थल
1.	सार्वजनिक निर्माण विभाग	12.09.2024 11:00 AM to 1:00 PM	मीटिंग हॉल, एल.आई.सी. भवन, द्वितीय तल, (निधि भवन) हाईकोर्ट सर्किल, जयपुर।
2.	इंदिरा गांधी नहर परियोजना		
3.	सी.ए.डी. बीकानेर/कोटा		
4.	जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग	12.09.2024 3:00 PM to 5:00 PM	
5.	जल संसाधन विभाग		
6.	वन विभाग		

अतः उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में आपके विभाग के उक्त कार्य से संबंधित 4 तकनीकी अधिकारियों/डोमेन एक्सपर्ट्स को उपस्थित होने हेतु निर्देशित कराने का श्रम करावें।

भवदीय

(हस्ताक्षर)

(भूपेश माथुर)
निदेशक एवं पदेन
संयुक्त शासन सचिव

ए–ब्लॉक, वित्त भवन, ज्योति नगर, जनपथ, जयपुर
Website - dta.rajasthan.gov.in
e-mail Id- Jdb-ta-rj@nic.in
Fax - 2742309, Tel- 0141-2743752

क्रमांकः एफ.5(थ–75)कोष / IFMS/WAM-19/ 3909 – 3911 दिनांक 10/9/2024

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. वरिष्ठ निदेशक (आई.टी.) (WAM) एन.आई.सी., एल.आई.सी. भवन, जयपुर।
2. तकनीकी निदेशक, वित्त विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर को साईट पर अपलोड किए जाने हेतु।
3. प्रोजेक्ट मैनेजर, PWC टीम, एल.आई.सी. भवन, जयपुर को प्रेषित कर डेमो प्रजेन्टेशन की व्यवस्था किए जाने हेतु।

अतिरिक्त निदेशक एवं पदेन
परियोजना निदेशक (IFMS)